बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या– पी.आर. 122/2023

सत्र 2023–2025 के लिए इण्टरमीडिएट कक्षा में राज्य के उच्च माध्यमिक स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले मान्यता प्राप्त सभी सरकारी/गैर सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय/इंटर महाविद्यालय/गैर सरकारी डिग्री महाविद्यालय/अंगीभूत डिग्री महाविद्यालय में ऑनलाईन नामांकन के इच्छुक सभी विद्यार्थियों के लिए आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा राज्य के उच्च माध्यमिक स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले मान्यता प्राप्त सभी सरकारी/गैर सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय/इंटर महाविद्यालय/ गैर सरकारी डिग्री महाविद्यालय/अंगीभूत डिग्री महाविद्यालय में नामांकन के इच्छुक विद्यार्थियों को Online Facilitation System for Students (OFSS) सॉफ्टवेयर के माध्यम से इण्टरस्तरीय शिक्षण संस्थानों में ऑनलाईन नामांकन के लिए विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0 114/2023 के द्वारा दिनांक 17.05.2023 से 26.05.2023 तक ऑनलाईन आवेदन भरने की तिथि निर्धारित की गयी थी। **नामांकन हेतु ऑनलाईन आवेदन भरने की अगली तिथि दिनांक 01.06.2023 से 07.06.2023 तक निर्धारित की जाती है,** जिसके लिए विद्यार्थियों को विज्ञप्ति के माध्यम से पुनः सूचित किया जायेगा।

2. इन्टरमीडिएट में नामांकन हेतु बिहार बोर्ड के साथ–साथ CBSE, ICSE एवं अन्य बोर्ड के 10वीं परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थी भी निर्धारित समयावधि में आवेदन दे सकते हैं। आवेदन की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद बिहार बोर्ड के विद्यार्थियों की भाँति ही अन्य बोर्ड के विद्यार्थियों को भी प्रथम चयन सूची (First selection list) के आधार पर नामांकन लेने का अवसर प्रदान किया जायेगा।

3. नामांकन के इच्छुक विद्यार्थी सामान्य आवेदन प्रपत्र (Common Application Form) एवं सामान्य सूची पत्र (Common Prospectus) को ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ लें। एक मोबाईल नंबर एवं एक ई–मेल आई0 डी0 का इस्तेमाल मात्र एक आवेदन भरने के लिए ही किया जायेगा। विद्यार्थियों को आवेदन करने हेतु सहज वसुधा केन्द्रों का गठन किया गया है, जहाँ वे फॉर्म को डाउनलोड करके उसका प्रिंट निकाल सकते हैं। साथ ही जिला निबंधन–सह–परामर्श केन्द्र (District Registration-cum-Counselling Centre) के माध्यम से भी अपना फॉर्म डाउनलोड करके उसका प्रिंट निकाल सकते हैं। इसके अलावा विद्यार्थी कम्प्यूटर के माध्यम से भी ऑनलाईन आवेदन भर सकते हैं।

4. ऑनलाईन आवेदन भरने के क्रम में आवेदक न्यूनतम 10 विकल्प एवं अधिकतम 20 विकल्प के महाविद्यालयों को चुन सकते हैं। नामांकन के क्रम में बिहार सरकार के अधिसूचना के अनुसार विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में आरक्षण नीति का अनुपालन किया जायेगा। आवेदक नामांकन शुल्क की राशि रुपये 350/– को ऑनलाईन जमा कर सकते हैं। शुल्क जमा होने के उपरान्त ही आवेदन प्रपत्र को वैध माना जायेगा। सामान्य आवेदन प्रपत्र (Common Application Form) भरने से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा समस्याओं के निदान हेतु हेल्प सेंटर के **दूरभाष संख्या 0612–2230009** पर संपर्क कर सकते हैं।

संयुक्त सचिव (OFSS)